जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा
राष्ट्रीय सेवा योजना
नशा मुक्त भारत अभियान

दिनांक 27.09. 2022 को जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत तंबाकू मुक्त परिसर क्लब , राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति विषय पर व्याख्यान तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम का समापन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अमित कुमार जिला प्रोग्राम अधिकारी कोटा तथा कमलेश कुमार एनटीसीपी कोटा रहे। श्री अमित कुमार ने अपने संबोधन में छात्राओं को नशा एक अभिशाप है से अवगत कराया तथा बताया कि देश के युवाओं का भविष्य नशे के कारण अंधकार में जा रहा है नशा जीवन की बर्बादी का सबसे बड़ा माध्यम है साथ ही उन्होंने कोटा शहर में खुले हुए नशा मुक्ति केंद्रों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने बताया कि नशे से व्यक्ति शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रभावित होता है साथ ही राजस्थान सरकार द्वारा चलाई गई नशा मुक्ति योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी श्री विकास जांगिड़ द्वारा किया गया कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी सुश्री प्रीति बेरवा, रेड रिबन क्लब प्रभारी जागृति मीना उपस्थित रहे तथा अंत में तंबाकू मुक्त परिसर क्लब व स्काउट गाइड प्रभारी डॉ मौसमी मीणा ने छात्राओं को अपने परिवार तथा पड़ोसियों को नशा न करने के लिए जागरूककरने के लिए कहा तथा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य
ज. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा